सर्पदंश

बच्ची की मौत, माता-पिता का इलाज जारी, रात में सो रहा परिवार सर्पदंश का शिकार

# एक ही परिवार के 3 सदस्यों को सांप ने डसा


माधवी सिंह, मृतक

**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सांप ने काट लिया। अस्पताल ले जाते समय 6 वर्ष की बेटी ने दम तोड़ दिया, जबकि माता-पिता भर्ती हैं।

घटना भेड़वाटोला गांव में गुरुवार-शुक्रवार की रात भानु प्रताप सिंह पत्नी रेखा सिंह और बेटी माधवी सिंह के साथ बिस्तर पर सो रहे थे। इसी दौरान रात करीब ढाई बजे भानु प्रताप को अपने पैर की उंगलियों में किसी जीव के काटने का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत उठकर देखा तो बिस्तर पर करैत सांप रेंग रहा था। भानु प्रताप ने तुरंत पत्नी और बच्चों को जगाया।

## दो को जिला अस्पताल किया रेफर

परिवार के दूसरे लोगों को जानकारी दी। उनके भाइयों ने तुरंत गाड़ी की व्यवस्था की और पूरे परिवार को इलाज के लिए कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए लेकर रवाना हुए। अस्पताल के रास्ते में माधवी को उल्टी हुई। कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने भानु प्रताप और रेखा की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## डॉक्टरों ने लगाया एंटी स्नेक वेनम

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे दंपती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एंटी स्नेक वेनम लगाया है। मृतक माधवी के ताऊ अरुण सिंह ने कहा कि हम केवल भानु प्रताप को ही सर्पदंश का शिकार समझ रहे थे। बच्ची को उल्टी होने और उसकी मौत के बाद अहसास हुआ कि सांप ने उसे भी काटा था।

## बच्ची के शव को मर्चुरी में रखा गया

चिकित्सालय पहुंचकर भानु के साथ रेखा और बेटे का मेडिकल चेकअप कराया। इसमें रेखा को भी काटे जाने की पुष्टि हो गई। फिलहाल, पुलिस ने बच्ची के शव को मर्चुरी में रखवाया है, क्योंकि परिवार के बाकी सदस्य चिकित्सालय में भर्ती पीड़ितों की देखरेख में जुटे हैं।

### बेटी के मौत की जानकारी माता-पिता को नहीं दी

जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एनपी माझी ने बताया कि माधवी की मौत की सूचना भानु प्रताप और रेखा को नहीं दी है। उनका कहना है कि जहर के इलाज के मामले में मरीज को शांत रहने की हिदायत दी जाती है, ताकि उसकी रक्त धमनियां सामान्य तरीके से काम करें। बच्ची के बारे में सुनकर मरीज का ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका है। इससे जहर तेजी से फैल सकता है या अन्य परेशानियां हो सकती हैं।



# बिना परमिट दौड़ रही दो स्कूल बस जब्त

**चेकिंग के दौरान 12 स्कूली वाहनों पर कार्रवाई, लगाया 22,500 रुपए का जुर्माना**

**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** जिले में सुरक्षित स्कूल बस संचालन करने के लिए यातायात विभाग ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कुल 23 स्कूली बसों और अन्य वाहनों की बारीकी से जांच की। नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 12 स्कूली वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई और उनसे कुल 22,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

जांच के दौरान दो बड़े स्कूलों की लापरवाही सामने आई। महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल अनूपपुर की बस एमपी 65 पी0112 और ग्रीनलैंड स्कूल कोतमा के बच्चों को ले जा रहा वाहन एमपी 65 बीबी 0675 बिना वैध परमिट के सड़क पर दौड़ते पाए गए। पुलिस ने इन दोनों वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की है।

### जरूरी सुरक्षा मानकों को परखा गया

यातायात पुलिस की इस जांच में बसों के परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी), फर्स्ट एड बॉक्स और इमरजेंसी गेट (आपातकालीन निकास) जैसे जरूरी सुरक्षा मानकों को परखा गया। जिन वाहनों में ये दस्तावेज या सुरक्षा उपकरण नहीं मिले, उनके खिलाफ मौके पर ही जुर्माना लगाया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख स्कूलों के वाहनों का निरीक्षण हुआ।

## एक नजर में

### नपध्यक्ष जैतहरी के खिलाफ जयप्रकाश की याचिका खारिज

**अनूपपुर नवभारत।** नगर परिषद जैतहरी के विरूद्ध कांग्रेस से निर्वाचित पार्षद तथा कथित भाजपा में शामिल जयप्रकाश अग्रवाल ने राजनैतिक प्रतिशोध व अध्यक्ष पद में पराजय के खीझ से ग्रसित होकर उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत किया जबकि जैतहरी नगर के विकास कार्यों को प्रदेश स्तर पर गौरव दिलाने वाले नगर परिषद के युवा अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने अपने अत्यधिक सीमित आर्थिक साधन के बावजूद समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अदभुत विकास व जरूरत के कार्य तथा नवाचार से जैतहरी की तस्वीर बदलने अनथक परिश्रम व उच्च विचार से उत्कृष्ट कार्य के लिए जन-जन का विश्वास जीता है। भाजपा के जयप्रकाश अग्रवाल ने मप्र उच्च न्यायालय में दो-दो याचिका प्रस्तुत कर अध्यक्ष के विरुद्ध आरोप लगाकर पद से हटाने की याचिका लगायी थी। उच्च न्यायालय ने शासन व प्रशासन की जांच प्रतिवेदन तथा लंबित प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए पार्षद जयप्रकाश अग्रवाल की दोनो याचिकाएं खारिज कर औचित्यहीन आरोप व कदाचरण को नकार दिया है।

### हादसों के बाद भी नहीं सुधरी हाईवे पर व्यवस्था

**अनूपपुर नवभारत।** पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार गुप्ता ने जिले के प्रमुख राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग को गंभीर जनसुरक्षा का विषय बताते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में भी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। श्री गुप्ता ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जैतहरी-अनूपपुर मार्ग, चचाई-अनूपपुर मार्ग तथा कोतमा-अनूपपुर मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों भारी मालवाहक वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं। इससे यातायात बाधित होता है और विशेषकर रात्रि के समय दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

चोरी की आशंका के चलते युवक रात में मोटरपंप बाहर निकाल रहा था

# कुएं से मोटरपंप निकालते युवक को लगा करंट, मौत



**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरी में गुरुवार की रात कुएं से मोटरपंप निकालते समय करंट लगने से 30 वर्षीय युवक हीरालाल बैगा पुत्र लालमन बैगा की मृत्यु हो गई। चोरी की आशंका के चलते युवक रात में मोटरपंप बाहर निकाल रहा था।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पत्नी कविता बैगा ने बताया कि घर के पीछे स्थित बाड़ी के पुराने कुएं में मोटरपंप लगा था। गुरुवार की सुबह हीरालाल ने सब्जी की फसल की सिंचाई की थी। रात में चोरी की आशंका के कारण मोटरपंप निकालने कुएं पर गया था।

### ननद ने युवक को कुएं के पास जमीन पर पड़ा हुआ देखा

कविता बैगा के अनुसार, उसी समय उनकी ननद बाड़ी की ओर जा रही थी। उसने हीरालाल को कुएं के पास जमीन पर पड़ा देखा और शोर मचाकर परिवार को बुलाया। मौके पर पहुंचने पर हीरालाल मोटरपंप की तार पकड़े पड़ा था और पंप भी उसके पास गिरा हुआ था। परिजनों ने पहले बिजली का कनेक्शन बंद कराया, फिर हीरालाल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### मेन पावर बोर्ड से कनेक्शन बंद नहीं किया था

मृतक के बड़े भाई ने बताया कि हीरालाल मोटरपंप निकालने के बाद उसका पावर स्विच ठीक कर रहा था, लेकिन उसने बिजली के मेन पावर बोर्ड से कनेक्शन बंद नहीं किया था। इसी दौरान करंट लग गया। जिला चिकित्सालय पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी मंशाराम मार्को ने बताया कि देर रात होने के कारण गुरुवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# रेउला पंचायत में पुलिया निर्माण में भारी भ्रष्टाचार



**ग्रामीणों के आरोपों पर भड़के सचिव, बोले-जहां जांच करानी है, करा लो**

**कोतमा नवभारत 10 जुलाई।** जनपद पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रेउला में विकास कार्यों के नाम पर 'लोकधन की लूट' का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां मेन रोड से चिलम डोगरी पहुंच मार्ग पर 5 लाख की लागत से बन रही पुलिया के निर्माण में नियमों और तकनीकी मानकों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

## भविष्य में कभी भी ढह सकती है पुलिया

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के बीच भी पुलिया का निर्माण कार्य जबरन जारी रखा गया है, जिससे इसके तकनीकी रूप से मजबूत होने पर संदेह खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि बिना आवश्यक सावधानियों के किए जा रहे इस निर्माण से भविष्य में पुलिया कभी भी ढह सकती है, जिससे आमजन की सुरक्षा को बड़ा खतरा है।

### सचिव का अड़ियल और गैर-जिम्मेदाराना बयान

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब मीडिया और ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत रेउला के सचिव विमल साहू से इस संबंध में जवाब मांगा। जिम्मेदारी स्वीकार करने या सफाई देने के बजाय सचिव ने बेहद अड़ियल, अहंकारी और गैर-जिम्मेदाराना रुख अपनाते हुए खुलेआम चुनौती दे डाली। सचिव विमल साहू ने कहा: 'हां, भारी भ्रष्टाचार पुलिया निर्माण में किया जा रहा है। न सीमेंट लगाया जा रहा है, न ही गुणवत्ता युक्त सामान लगाया जा रहा है, जिससे जांच करवाना है, जांच करवा लो।'

## पारदर्शिता गायब, कार्यस्थल पर एस्टीमेट बोर्ड तक नहीं

नियमों के मुताबिक किसी भी सरकारी निर्माण कार्य स्थल पर स्वीकृत प्राक्कलन, लागत और तकनीकी मंजूरी की जानकारी वाला बोर्ड लगाना अनिवार्य है, लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि यहां ऐसा कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया संदिग्ध नजर आ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस निर्माण का किसी स्वतंत्र एजेंसी से तकनीकी निरीक्षण कराया जाए और सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं।

# ओपन केप में 35 हजार मीट्रिक टन धान भीगी



**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** जिले में करोड़ों रुपए का खाद्यान्न सुरक्षित भंडारण के अभाव में बारिश के बीच खतरे में पड़ गया है। धान खरीदी के कई महीने बाद भी धान की मिलिंग का कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते जिले के विभिन्न गोदामों और ओपन केप में बड़ी मात्रा में खाद्यान्न पड़ा हुआ है। लगातार हो रही बारिश से खुले में रखे अनाज के भीगने और उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

जिले में वर्तमान में लगभग 1.35 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का भंडारण किया गया है। इसमें गेहूं, धान, चावल, मसूर, चना, नमक और शक्कर शामिल हैं। यह खाद्यान्न सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लिए सुरक्षित रखा गया है, लेकिन पर्याप्त सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था नहीं होने से इसके बारिश में भीगकर खराब होने का डर बना हुआ है।

### जिले में कुल 40 गोदामों में खाद्यान्न का भंडारण किया गया

लगभग चार दिनों पूर्व कोतमा के मार्कफेड ओपन कैप में भंडारित धान भीग गई थी। धान को बारिश से बचाने के लिए यहां तिरपाल तो लगाया गया है, लेकिन नमी आने के कारण दोपहर में धूप होने पर हटाया गया था और इसी दौरान बारिश होने से कई बोरी अनाज इसमें भीग गया था। जिले में कुल 40 गोदामों में 1.35 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का भंडारण किया गया है। इनमें चार शासकीय गोदाम हैं, जिनमें एक राजेंद्रग्राम तथा तीन कोतमा में स्थित हैं।

### अंतस संस्था के कार्यक्रम में गूंजे सुहावने मनभावन गीत

**नवभारत, जबलपुर।** अंतस साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में 'क्या मौसम आया है' कार्यक्रम में गायकों ने सुहावने मनभावन गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिसमें संस्था के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी ने सभी गायक कलाकारों और वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर 'क्या मौसम आया है', 'एक सवाल मैं करूं', 'ऊंची ऊंची दुनिया की दीवारें तोड़कर', 'जाने कैसे कब कहां इकरार', 'लाख तारे आसमान पर', 'छुपा लो यूं दिल में प्यार मेरा', 'ओ सजना बरखा बहार आई' और 'छाप तिलक सब छीनी मोसे नैना मिलाइके' जैसे गीत प्रस्तुत किए गए।

# हाथी ग्रामीणों की फसल और मकानों को पहुंचा रहे नुकसान



**अनूपपुर नवभारत।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत बरबसपुर के भोलगढ़ गांव के समीप जंगल में तीन हाथियों का दल पिछले छह दिनों से डेरा डाले हुए है। दिनभर जंगल में रहने के बाद रात होते ही हाथी गांवों में पहुंचकर मकानों, खेतों और बाड़ियों में घुसकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लगातार हो रहे नुकसान और पूर्व में हुई क्षति का अब तक मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीणों में प्रशासन और वन विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, लगभग सात माह पूर्व छत्तीसगढ़ की सीमा से अनूपपुर जिले में प्रवेश करने वाला तीन हाथियों का यह दल लगातार अनूपपुर और जैतहरी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विचरण कर रहा है। वर्तमान में हाथी बरबसपुर वन बीट के भोलगढ़ से लगे कुरियारी के जंगल में दिन बिताने के बाद रात के समय भोलगढ़ गांव के विभिन्न टोला-मोहल्लों में पहुंच रहे हैं।

# एंबुलेंस नहीं मिलने से पटरी किनारे पड़ा रहा शव

**ट्रेन की चपेट में आने से हुई थी युवक की मौत**



**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना हरद रेलवे स्टेशन से करीब 300 मीटर दूर हरद-अनूपपुर रेलखंड पर हुई। जीआरपी ने शुक्रवार की दोपहर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया।

जीआरपी चौकी के आरक्षक संजीत शर्मा ने बताया कि मृतक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांडा निवासी 35 वर्षीय विजय सिंह की मौत की अनूपपुर स्टेशन मास्टर को 'हिट रन ओवर' की जानकारी मिलने के बाद रात में जीआरपी अमला घटनास्थल पर पहुंचा और शव का मुआयना किया।

### इंजन के सेफ गार्ड से टक्कर लगी थी

स्थानीय रेलवे कर्मचारियों से पूछताछ में सामने आया कि मृतक अनूपपुर की ओर हरद रेलवे स्टेशन से 300 मीटर पहले घुमावदार पटरी (टर्निंग प्वाइंट) के पास बैठा था। इस दौरान वहां से गुजरी ट्रेन के चालक ने युवक को पटरी किनारे बैठा देखकर हॉर्न बजाया, लेकिन युवक हटा नहीं। आशंका है कि इंजन के सेफ गार्ड से टक्कर लगने के कारण उसके चेहरे, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर घाव हो गए।

### जीआरपी ने दूसरा वाहन बुलाकर शव को पीएम के लिए भेजा

जीआरपी कर्मचारियों का आरोप है कि रात से सुबह 7 बजे तक एंबुलेंस 108 और डायल 112 को सूचना दी गई, लेकिन सुबह तक न तो एंबुलेंस पहुंची और न ही डायल 112 वाहन। इसके बाद जीआरपी कर्मियों ने वाहन मंगवाकर दोपहर में शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।

### चौरसिया प्रतिभा सम्मान के लिए आवेदन 10 अगस्त तक

**नवभारत, जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर द्वारा रविवार, 23 अगस्त को मानस भवन, राइट टाउन में दोपहर 2 बजे से 38वें 'चौरसिया दिवस समारोह' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट विभूतियों का सम्मान होगा। समारोह संयोजक एम.आर. राहुल चौरसिया और समाज अध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रतिभा सम्मान के लिए पात्र प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ सोमवार, 10 अगस्त तक आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित केंद्रों पर जमा कर सकते हैं।



# योजनाओं की वास्तविक स्थिति का लें जायजा : हिमाद्री सिंह

**जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने दिए निर्देश**

**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत लंबित 65 अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण साथ ही लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) द्वारा संचालित 16 प्रगतिरत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत 95 कार्यों, 435 मजरे-टोलों तक पहुंच मार्ग निर्माण, जनमन योजना के अंतर्गत 22 सड़क निर्माण कार्यों तथा निर्माणाधीन फ्लाईओवर परियोजना सहित अन्य विकास कार्यों की सांसद हिमाद्री सिंह ने विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास एवं निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा, निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं सतत निगरानी करते हुए आमजन को समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

### आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए

शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की सांसद हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके पूर्व पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की स्थिति जानी तथा योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

# लोक निर्माण विभाग में 19 कर्मचारियों की पदोन्नति



**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर में कार्यरत अनुरेखक (सिविल) और अनुरेखक (विद्युत/यांत्रिकी) को सहायक मानचित्रकार के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदोन्नत कर यथास्थान पदस्थ किया गया है।

यह पदोन्नति मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 1972 एवं शासन द्वारा समय-समय पर किए गए संशोधनों में निहित प्रावधान के तहत की गई है। इस निर्णय के तहत सिविल शाखा में जितेन्द्र देव वाल्दे, कृष्णा अडमें, अशोक कुमार ठाकुर, राकेश मून, लल्लू दहायत, धनीराम बिलझारिया, रघुराज सिंह सल्लाम, दिवाकर रामटेक, आशा आरख, आर.एन. पटेल, डी.एस. राजपूत, डी.सी. चौधरी, शैलेन्द्र तिवारी, राजेश कुमार कोष्टी और शिवदयाल प्रधान को पदोन्नत किया गया है।

राहत

सरकार की अपील खारिज, एरियर भुगतान का आदेश बरकरार; वर्षों से लंबित मांग पूरी होने की उम्मीद

# हाईकोर्ट से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बड़ी राहत

**अनूपपुर नवभारत 10 जुलाई।** मध्यप्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

जबलपुर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए एकलपीठ के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को बकाया एरियर का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। न्यायालय के इस फैसले से प्रदेशभर की हजारों कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को आर्थिक लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

## मानदेय भुगतान में हुए बदलाव से जुड़ा का मामला

मामला वर्ष 2019 में मानदेय भुगतान की व्यवस्था में हुए बदलाव से जुड़ा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का आरोप था कि पूर्व में मिलने वाले मानदेय में कटौती किए जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस निर्णय को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि कटौती की गई राशि का एरियर पात्र कार्यकर्ताओं को दिया जाए।



### न्यायालय ने सरकार की दलीलों को स्वीकार नहीं किया

इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी, लेकिन न्यायालय ने सरकार की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और एरियर भुगतान संबंधी आदेश को यथावत रखा। हालांकि, सरकार को ब्याज भुगतान के मामले में आंशिक राहत मिली है।